No. of Printed Pages : 2

ई.एस.–345

00285

शिक्षा में स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2017

ई.एस.–345 : हिन्दी शिक्षण प्रविधि

समय : 3 घण्टे *अधिकतम भारिता : 70%*

निर्देश : *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

(ii) ***सभी*** *प्रश्नों की भारिता* ***समान*** *हैं।*

1. नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए।
भाषा की प्रकृति स्पष्ट करते हुए बालक के व्यक्तित्व के विकास में भाषा की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

अथवा

भाषा शिक्षण में उच्चारण शिक्षण का महत्त्व बताइए एवं उच्चारण की दृष्टि से हिन्दी वर्णों का वर्गीकरण कीजिए।

2. नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लगभग **600** शब्दों में दीजिए।
निदानात्मक परीक्षण व उपचारात्मक शिक्षण को स्पष्ट करते हुए दोनों प्रक्रियाओं में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

अथवा

शुद्ध उच्चारण का क्या अर्थ है? उच्चारण दोषों के प्रकार बताते हुए उनके निराकरण के उपाय बताइये।

3. नीचे दिए गए प्रश्नों में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों का उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 120 शब्दों में दीजिये।

(a) क्रियात्मक शोध का अर्थ बताते हुए महत्व स्पष्ट कीजिए।

(b) भाषा अधिगम की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(c) मूल्यांकन की आवश्यकता व महत्व स्पष्ट कीजिए।

(d) कविता शिक्षण में सौन्दर्य विश्लेषण पर टिप्पणी कीजिए।

(e) निबन्ध पाठ शिक्षण में मौन पाठ का महत्व बताइए।

(f) संरचना की दृष्टि से वाक्य के प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

(g) हिन्दी शिक्षक की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

4. नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लगभग 600 शब्दों में दीजिए। गद्य शिक्षण की प्रमुख विधियाँ बताते हुए कक्षा सात के स्तर की गद्य पाठ पर पाठ योजना तैयार कीजिए।